हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

11 जीवन रक्षक कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से...



11 समय रहते रोकथाम से टाला जा सकता रेबीज से मौत...



## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाली करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** हांसी स्पेशल स्टाफ पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक आरोपी को 16,200 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्णा कालोनी निवासी मोनू के रूप में हुई है। सीआईए में तैनात मुख्य सिपाही पवन कुमार ने बताया कि स्पेशल को सूचना मिली थी कि बाबा तंबाकू भंडार पर एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया और टीम ने मौके पर पहुंच मोनू को 16 हजार 200 रुपए सहित गिरफ्तार कर लिया।

### टूटी चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने अग्रवाल कॉलोनी हिसार स्थित मकान से टूटी चोरी के मामले में सातरोड हिसार निवासी मनोज उर्फ विनोद को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में न्यू अग्रवाल कॉलोनी निवासी अमित जैन ने अग्रवाल कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन मकान से 13 सितंबर को टूटी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### दुकान से चोरी के मामले में एक गिरफ़्तार

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने ऑटो मार्केट स्थित गाड़ी रिपेयरिंग की दुकान से सामान चोरी के मामले में पड़ाव निवासी दीपक उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई विक्रम सिंह ने बताया कि पड़ाव पुलिस चौकी में गाड़ी रिपेयरिंग का काम करने वाले शिकारपुर निवासी राकेश ने ऑटो मार्केट स्थित उसकी दुकान से सामान चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह ऑटो मार्केट में गाडिया रिपेयरिंग का काम करता है।

### मोटर साइकिल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने सुभाष मार्केट से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कैमरी गांव निवासी रोमियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। उप निरीक्षक विकास ने बताया कि इस संबंध में 22 सितंबर को धानोठी निवासी बंटी ने मोटरसाइकिल चोरी होने के बार शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### दुकान और घर से नकदी व आभूषण चोरी

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने नंगथला गांव स्थित मकान और दुकान से नकदी व आभूषण चोरी के मामले में दूसरे आरोपी ढंढूर वासी अमन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व 5 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। उप निरीक्षक सतपाल ने बताया कि इस संबंध में 22 सितंबर को गांव नंगथला निवासी प्रेम सिंह ने उसकी दुकान और मकान से नकदी और आभूषण चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए एक आरोपी गुलशन उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार कर चोरी शुदा सोने के आभूषण बरामद कर लिए थे।

### एसी की कॉपर वायर चोरी का मामला सुलझा

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने पीएलए चौकी क्षेत्र में एसी की कॉपर वायर एवं अन्य सामान चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से नकदी बरामद की है। जांच अधिकारी एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि 24 सितंबर को पीएलए निवासी विशाल ग्रोवर ने शिकायत दी।

---

खांडाखेडी में बोले हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु

# अनुशासन में रहकर आगे बढ़ना सिखाते हैं खेल, हरियाणा बॉक्सिंग संघ खिलाड़ियों के लिए कर रहा हर संभव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

खेल को खेल की भावना से खेलें

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा है कि खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल हमें अनुशासन में रहना व आगे बढ़ना सिखाते हैं। हार व जीत एक सिक्के के दो पहलू है, ऐसे में हमें हार से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। मेजर सत्यपाल सिंधु खांडाखेड़ी गांव में स्व. मनजीत लोहान क्लब की ओर से चतुर्थ फाइट नाइट शो के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल में हार व जीत होती रहती है। आगे बढ़ने के लिए खिलाड़ियों को लगातार प्रैक्टिस करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के अनेक प्रयास कर रहा है।

**खास बातें**

- हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू है, हार से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए
- आगे बढ़ने के लिए खिलाड़ियों को लगातार अभ्यास करते रहना चाहिए

### मुकाबलों में अनित ने सक्षम, जिया ने अंशु और अजय ने जसनदीप को हराया

**जिम युवाओं को स्वास्थ्य रहने और फिटनेस की ओर प्रेरित करेगा**








नारनौंद। मेजर सत्यपाल का स्वागत करते आयोजक, खेल शुरू करवाते व खांडाखेड़ी में जिम का उद्घाटन करते हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु।

**छाए खिलाड़ी**

संघ के तत्वाधान में अब तक अनेक प्रतियोगिताएं हुई है, जिनमें खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया है और आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में हरियाणा बॉक्सिंग संघ खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

**मेजर सत्यपाल ने किया जिम का उद्घाटन**

इसी क्रम में मेजर सत्यपाल सिंधु ने खेल स्टेडियम में ग्राम पंचायत द्वारा स्थापित नई जिम का उद्घाटन किया। यह जिम युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ खेलों में उनकी प्रतिभा को निखारने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**ये रहे विजेता**

इस अवसर पर हुए मुकाबलों में अनित ने सक्षम को, जिया ने अंशु को, अजय ने जसनदीप को, तानुज ने दीपांशु को पराजित करके अपने मुकाबले जीते। इसी तरह साहिल ने दीपक को, साहिल मोर ने प्रिंस महला को, जतिन ने वंश को, अंकित ने सुमित को, नकुल ने पीयूष को, जति ने अभिनव को, रविन ने आदित्य को, राखी ने गुंजन को, फलक ने दीपांशु को, दक्ष सुंडा ने दक्ष शेली को, लोकेश ने आनंद को, संचित ने रवि को, शिखा ने विदही को, सिकंदर ने पीयूष को व लक्की ने तन्नु को हराकर जीत दर्ज की।

---

परीक्षा के तुरंत बाद परिणाम घोषित करके बनाया रिकॉर्ड

# कड़ी निगरानी में हुई वीएलडीडी डिप्लोमा कोर्स की प्रवेश परीक्षा





हिसार। परीक्षा देने आए विद्यार्थियों की जांच करते अधिकारी व परीक्षा का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

5532 में से 4670 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

यहां के लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को पशु चिकित्सा पशुधन विकास डिप्लोमा (वीएलडीडी) के दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा लुवास विश्वविद्यालय परिसर, विश्वविद्यालय, तथा हिसार शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। इस प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 5532 विद्यार्थियों ने आवेदन किया, जिनमें से 4670 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

**कुलपति व अन्य ने किया दौरा**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका ने विश्वविद्यालय परिसर एवं हिसार के अन्य परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और परीक्षा संचालन की समग्र व्यवस्था का निरीक्षण किया। कुलपति को परीक्षा संबंधी समस्त प्रबंधों की जानकारी पैरा वेटरनरी साइंस संस्थान के निदेशक डॉ. पवन कुमार द्वारा प्रदान की गई।

**रिकॉर्ड समय में परिणाम घोषित**

खास बात यह रही कि विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम के लिए ज्यादा समय तक इंतजार नहीं करना पड़ा। देर सायं विश्वविद्यालय की ओर से इस वीएलडीडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया गया।

**जींद का सौरभ रहा प्रथम**

परीक्षा परिणाम में जींद के सौरभ ने 93 नंबर लेकर प्रथम स्थान पाया। इसी तरह हांसी की आरजू व झज्जर के अमन शर्मा 92 अंक प्राप्त कर द्वितीय रहे जबकि फतेहाबाद के दीपक व हिसार के राहुल 91 अंक लेकर तृतीय रहे।

**बरती गई पूरी पारदर्शिता**

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विजय जाधव ने बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सावधानियां बरती गईं। परीक्षा में नकल रोकने और दूसरों के स्थान पर परीक्षा देने जैसी गतिविधियों पर निगरानी के लिए फोटोग्राफी, बायोमेट्रिक स्कैनिंग तथा मेटल डिटेक्टर की सहायता से परीक्षार्थियों की जांच की गई। परीक्षा नियंत्रक ने यह भी बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं थी। परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए मोबाइल नेटवर्क जैमर भी लगाए।

---

# शहीद भगत सिंह को किया नमन

- भारत के महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की स्मृति में मनाया जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

साउथ बाइपास स्थित विज्डम स्कूल में बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भारत माता के वीर सपूत और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया ने भगत सिंह के जीवन, उनके बलिदान और देशभक्ति के भाव, उनकी पुस्तक पढ़ने में रुचि, देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने का उत्साह जैसे बिंदुओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने तालियों के साथ उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे भी भगत सिंह के मार्ग पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहेंगे। विद्यार्थियों ने मंच पर देशभक्ति पर आधारित भाषण और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से भगत सिंह के विचारों और उनके क्रांतिकारी योगदान को दर्शाया। अंत में लड्डू वितरित कर राष्ट्रीय गान के साथ सभा का समापन किया गया।

### नकली सोना रखकर लोन लेने दो पकड़े

**नारनौंद।** नारनौंद पुलिस ने एसबीआई बैंक नारनौंद में नकली सोना रखकर गोल्ड लोन लेने मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

उनकी पहचान वार्ड 13 निवासी बलजीत व वार्ड 4 निवासी अंकित के रूप में हुई है। थाना नारनौंद में तैनात सब इंस्पेक्टर जसबीर ने बताया कि दोनों युवकों ने वर्ष 2023 में एसबीआई बैंक नारनौंद ब्रांच में 305 ग्राम नकली सोना रखकर गोल्ड लोन ले लिया था। जब ऑडिट के समय सोने की जांच परख की गई तो यह सोना नकली पाया गया तत्कालीन बैंक मैनेजर राजीव रंजन ने इसकी शिकायत पुलिस को दी थी।

# खेल महाकुंभ में हिसार के तैराकों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। खेल महाकुंभ में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते वाले तैराकों के साथ कोच व खेल अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हाल ही में अंबाला में आयोजित खेल महाकुंभ में हिसार खेल नर्सरी के तैराकों का दबदबा रहा। यह खेल महाकुंभ तैराकी प्रतियोगिता बॉयज़ और गर्ल्स ओपन वर्ग में आयोजित की गई जिसमें इनायत मोर ने 200 मीटर बटरफ़्लाई स्ट्रोक में स्वर्ण पदक से सबको गौरवान्वित किया। रक्षिता चौधरी ने 400 मी. आईएम में कांस्य पदक जीतकर असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया।इनायत मोर, अनु, रक्षिता चौधरी, पलक व अक्षि ने दृढ़ संकल्प के प्रतियोगिता में रिले इवेंट्स व अलग अलग इवेंट्स में पदक जीतकर प्रतियोगिता में दबदबा बनाया। पुरुष वर्ग में लक्ष्य 200 मीटर में बटरफ्लाई में कांस्य और यशस्वी ने 400 मीटर आईएम में रजत प्राप्त किया।

---



नारनौंद। विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल दिखाते हुए स्कूल के छात्र।

छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मान

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों आकर्षक मॉडल बनाएं

- अभिभावक शिक्षक बैठक एवं प्रथम सत्र परिणाम घोषणा का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

परममित्र कन्या विद्या निकेतन खांडाखेड़ी में अलग-अलग विषयों पर एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। अभिभावक शिक्षक बैठक एवं प्रथम सत्र परिणाम घोषणा का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रशासक मनदीप सिंधु व प्राचार्य अमित गौड़ ने बताया कि ये बैठक अभिभावकों और शिक्षकों के लिए विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं समग्र प्रदर्शन पर चर्चा करने का एक उत्कृष्ट अवसर बनी। विशेष आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव रहा।

**कृतियां प्रदर्शित की**

सांस्कृतिक कोने में प्रदर्शित किया गया। राम दरबार एवं नवरात्रि माता शक्ति रूप विद्यार्थियों द्वारा भक्ति, परंपरा और सृजनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर आर्ट गैलरी में आयोजन में जिसमें विद्यार्थियों की पेंटिंग्स, स्केच और अन्य कलात्मक कृतियां प्रदर्शित की गईं जिसने उनकी कल्पनाशक्ति और प्रतिभा को उजागर किया।विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए अभिनव प्रोजेक्ट्स और कार्यशील मॉडलों का शानदार प्रदर्शन किया।

---

# समाजसेवी विजय कौशिक भीख नहीं किताब दो संस्था को हर माह आर्थिक मदद करेंगे

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था की संचालक अनु चिनिया ने बताया कि संस्था के छात्रावास में रहने वाले बच्चों की संख्या 60 से ऊपर हो गई है। नियमित खर्चों को पूरा करने के लिए कोई स्थाई संसाधन नहीं है, इस वास्तविक समस्या को समझते हुए संस्था संरक्षक विजय कौशिक द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। उन्होंने प्रति माह 50 हजार रुपये संस्था को देने का निश्चय किया है, ताकि छात्रावास संचालन एवं संस्था द्वारा की जा रही सभी गतिविधियां निरन्तर जारी रह सके। अनु चिनिया ने समाजसेवी विजय कौशिक के सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए उनका आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से बच्चों को नई ऊर्जा मिलेगी और जो कार्य संसाधनों के अभाव के कारण रुके हुए थे, वो सब पूरे होंगे।



हिसार। भीख नहीं किताब दो संस्था में पढ़ने वाले बच्चों के साथ समाजसेवी विजय कौशिक। फोटो: हरिभूमि

### अग्रसेन जयंती समारोह पर 8 अक्टूबर को होगा विशाल हास्य कवि सम्मेलन: धर्मवीर रतेरिया

- कवि पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी, राजेश चेतन, गौरव , दीपक सैनी एवं गौरी मिश्रा करेंगी काव्य पाठ

**हांसी।** अग्रबंधु परिषद, हांसी द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य मे /"ठहाके/" एक विशाल हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने बताया कि आगामी 8 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे, हांसी नई सब्जी मंडी के सामने स्थित माया बैंकेट मे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम मे विश्व प्रसिद्ध कवि जिसमें कानपुर से पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी, दिल्ली से राजेश चेतन, इटावा से गौरव चौहान, दिल्ली से दीपक सैनी एवं नैनीताल से गौरी मिश्रा काव्य पाठ करेंगी। कार्यक्रम मे हिमालयन इन्फ्रा कॉर्प के डायरेक्टर विशाल बंसल, जेआरएम फूडस के डायरेक्टर हरीश जैन, हिसार के वरिष्ठ समाजसेवी पवन खारिया, राधा किशन आयल मिल के स्वामी प्रदीप गर्ग (डाली), हरियाणा टैक्स ट्रिब्यूनल के सदस्य सचिन जैन, जैन आदि शामिल रहेंगे। पेट्रोल सप्लाईंग कंपनी के स्वामी मुकेश जैन, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल गर्ग, टैक्स बार एसोसिएशन हांसी के अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र गर्ग, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री प्रवीण बंसल उपस्थित रहेंगे।

---

**प्रतियोगिता** मैराथन में हजारों युवाओं ने भागीदारी कर नशे के खात्मे का संकल्प लिया

नशा एक ऐसी बुराई है, जो समाज को खोखला कर बर्बाद करती है

# नमो यूथ मैराथन में मंत्री रणबीर गंगवा ने दौड़ लगाकर बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

नमो यूथ मैराथन-2025 के तहत रविवार को बरवाला में हजारों युवाओं ने दौड़ लगाकर देशप्रेम और अनुशासन का संदेश दिया और नशे के जड़मूल से खात्मे का संकल्प लिया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बस अड्डा के समीप महाराजा अग्रसेन चौक से यूथ मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं की हौसला अफजाई के लिए खुद भी उनके साथ दौड़ लगाई। मैराथन में हजारों की संख्या में क्षेत्र के नागरिकों विशेषकर युवाओं ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में विधायक विनोद भ्याना ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो समाज को खोखला करने के साथ-साथ हमारे भविष्य को भी निगल जाती है। मां-बाप के सपने बिखर जाते हैं। इसलिए नशे का जड़-मूल से नाश करने के लिए, केंद्र व हरियाणा सरकार ने नशा मुक्त अभियान को जन आंदोलन बनाया है।



बरवाला। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते मंत्री रणबीर गंगवा।

**2700 से ज्यादा कार्यक्रम**

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट, राहगिरी, साइक्लोथॉन, मैराथन तथा धाकड़ जैसे अनूठे कार्यक्रम शुरू करके नशे पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने युवाओं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश भर में 2700 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन कार्यक्रमों में लाखों लोगों ने भागीदारी की है। नशे के जड़ से खात्मे के लिए जिला, रेंज और राज्य स्तर पर एंटी नारकोटिक्स सेल गठित किए गए है। प्रदेश में 162 नशा मुक्ति केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।




## मां दुर्गा की पूजा

साल भर में नवरात्रि दो बार आती हैं। लोग चैत्र और शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करके अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए कामना करते हैं। इस समय शारदीय नवरात्रि चल रही है, जोकि इस बार 9 की बजाय 10 दिन चलेगी। ये दुर्लभ योग लगभग 27 साल बना है। जहां दुर्गा अष्टमी 30 सितंबर को है वहीं नवमी की पूजा 1 अक्टूबर को होगी। दुर्गा अष्टमी अपने आप में खास है। इस दिन की पूजा का सबसे ज्यादा महत्व होता है। इसी तरह नवमी की पूजा का भी महत्व है।

# परंपरा, उत्साह और संस्कृति का पर्व दशहरा

दशहरा को विजयादशमी भी कहा जाता है। पूरे देश में इसे बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में देखा जाता है। माना जाता है कि जिस दिन भगवान राम ने लंका के राजा रावण का वध किया, उस दिन को 'दशहरा'पर्व के रूप में मनाते हैं।



**नवरात्रि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में घरों की दीवारों पर मिट्टी, गोबर, और अन्य सामग्री से सांझी की आकर्षक आकृति बनाई जाती है और घरों में सांझी माता की प्रतिमा दीवारों पर सजाई जाती है सांझी मातृदेवी मानी जाती हैं, जिन्हें दुर्गा या पार्वती का रूप माना जाता है। सांझी को चूड़ी, बिंदी और अन्य आभूषणों से सजाया जाता है। शारदीय नवरात्रि में सांझी की पूजा मुख्य रूप से की जाती है और दशहरे के दिन विसर्जन होता है।**

संस्कृति

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**



भारत उत्सवों का देश है, जहां हर पर्व लोगों के जीवन में उत्साह, भक्ति और सांस्कृतिक विविधता का रंग भरता है। यहां मनाए जाने वाले पर्व न केवल आस्था से जुड़े होते हैं बल्कि उनके नाम और परंपराओं में गहरे सांस्कृतिक और पौराणिक अर्थ भी छिपे होते हैं। ऐसा ही एक प्रमुख पर्व है दशहरा; जिसे विजयादशमी भी कहा जाता है। यह त्योहार अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है और पूरे देश में इसे बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में देखा जाता है।

असल में 'दशहरा' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है  दश और हारा। दश का अर्थ है 'दस' और हारा का अर्थ है 'हारना'। जिसका सीधा संकेत है रावण के दस सिरों का नाश। माना जाता है कि जिस दिन भगवान राम ने लंका के राजा रावण का वध किया, उस दिन को 'दशहरा' के पर्व के रूप में मनाते हैं। रावण के दस सिर केवल उसके शरीर का प्रतीक नहीं थे, बल्कि वे दस प्रकार की बुराइयों जैसे क्रोध, काम, मोह, लोभ, अहंकार, ईर्ष्या, स्वार्थ, अन्याय, अत्याचार और अधर्म को दर्शाते थे। इस प्रकार दशहरा उन बुराइयों पर विजय का प्रतीक बन गया। इस क्रम में 'विजयादशमी' को देखें तो 'विजया' का अर्थ है विजय या जीत तथा 'दशमी' का अर्थ है मास की दशमी तिथि अर्थात यह वह तिथि है जब धर्म की अधर्म पर, सत्य की असत्य पर, और अच्छाई की बुराई पर विजय हुई। एक अन्य पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन देवी दुर्गा ने महिषासुर नामक असुर का वध किया और देवताओं को पुनः उनका अधिकार लौटाया। इसलिए इस दिन को विजयादशमी भी कहा जाता है। भारत  के लगभग सभी राज्यों में दशहरा हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उत्तर भारत में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब में रामलीला का मंचन और रावण दहन बड़े स्तर पर होता है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा में इसे दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है। भव्य पंडाल, मूर्तियाँ और सिंदूर खेला इस पर्व की विशेषता हैं। दक्षिण भारत में कर्नाटक का मैसूर दशहरा विश्व प्रसिद्ध है। तमिलनाडु में बोम्मई गोलू और केरल में आयुध पूजा तथा विद्यारम्भम् की परंपरा है। जबकि गुजरात और महाराष्ट्र नवरात्रि के दौरान गरबा और डांडिया नृत्य होते हैं।

दशहरे पर शमी वृक्ष की पूजा होती है। दशहरा केवल देश की सीमाओं तक ही सीमित नहीं हैं। प्रवासी भारतीय जहाँ-जहाँ बसे हैं, वहाँ उन्होंने दशहरे और दुर्गा पूजा की परंपरा को भी जीवित रखा है। नेपाल में दशैं कहा जाता है और यह सबसे बड़ा पर्व है। श्रीलंका में रामायण से जुड़े स्थानों पर इस दिन विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा बड़े पैमाने पर होती है और हिंदू समुदाय दशहरा भी मनाता है। जबकि अमेरिका और कनाडा, ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में बड़े भारतीय संगठन हर साल दुर्गा पूजा और रावण दहन का आयोजन करते हैं तथा सांस्कृतिक संस्थाएँ दशहरा महोत्सव आयोजित करती हैं। सिंगापुर और मलेशिया में भी दशहरा नवरात्रि और गरबा के साथ व्यापक रूप से मनाया जाता हैं। इसी प्रकार हरियाणा जहां अपनी वीरता और कृषि दोनों के लिए प्रसिद्ध है, यहाँ का दशहरा विशेष परंपराओं और ऐतिहासिक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य हरियाणा में दशहरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामुदायिक मेलजोल, लोककलाओं के संरक्षण और परंपराओं को जीवित रखने का एक माध्यम भी है। हरियाणा में पानीपत के दशहरे की एक अनोखी परंपरा है। जहां मन्नत पूरी होने पर पुरुष और बच्चे हनुमान का रूप धारण करते हैं। वे कई दिनों तक ब्रह्मचर्य और तपस्या का पालन करते हैं। दशहरे के दिन वे रावण के पुतले की परिक्रमा करते हैं और फिर पुतले का दहन होता है। यह परंपरा अंग्रेज़ों के शासनकाल में भी जारी रही, जब दशहरा मनाने पर रोक लगी थी। कैथल में दशहरे पर लगभग 200 साल पुरानी परंपरा है। भक्त अष्टमी से दशहरे तक हनुमान स्वरूप में नगर की परिक्रमा करते हैं। दशहरे के दिन रावण पर गदा प्रहार किए बिना उसका दहन नहीं किया जाता। जबकि अंबाला दुनिया के सबसे ऊँचे रावण पुतले बनाने के लिए प्रसिद्ध है। बराड़ा में बनाए गए रावण ने कई बार रिकॉर्ड बनाया है और लाखों लोग इसे देखने आते हैं। फरीदाबाद में एक मुस्लिम परिवार पीढ़ियों से रावण के पुतले बना रहा है। यह धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसी प्रकार कुरुक्षेत्र महाभारत की भूमि होने के कारण यहाँ दशहरे का महत्व और बढ़ जाता है। पांडवों द्वारा शमी वृक्ष में हथियार छिपाने की कथा के चलते शमी पूजा यहाँ विशेष रूप से की जाती है। करनाल में तकनीकी दृष्टि से विशेष पुतले बनाए जाते हैं। रावण की आँखों और मुँह से आग और आतिशबाज़ी निकलती है, जो दर्शकों को आकर्षित करती है। दशहरे के पर्व की लोक



परम्पराएं भी अद्भुत हैं। प्रदेशभर में दशहरे से पहले गाँवों और शहरों में बड़े स्तर पर रामलीला होती है और सूर्यास्त के बाद रावण दहन किया जाता है। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक आयोजन भी आयोजित किए जाते हैं और सांग, धमाल और अन्य लोक नृत्यों द्वारा लोग मनोरंजन करते हैं। नवरात्रि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में घरों की दीवारों पर मिट्टी, गोबर, और अन्य सामग्री से सांझी की आकर्षक आकृति बनाई जाती है और घरों में सांझी माता की प्रतिमा दीवारों पर सजाई जाती है सांझी मातृदेवी मानी जाती हैं, जिन्हें दुर्गा या पार्वती का रूप माना जाता है। सांझी को चूड़ी, बिंदी और अन्य आभूषणों से सजाया जाता है। शारदीय नवरात्रि में सांझी की पूजा मुख्य रूप से की जाती है और दशहरे के दिन विसर्जन होता है। हरियाणाभर में सांझी की पूजा के दौरान लोकगीत गाने की परंपरा भी है। यथा -

*मेरी सांझी के औरै धोरै फूल रही कव्वाई*
*भान मैं तन्नै बूझूं संझा कै तेरे भाई*
*मेरे पांच पचास भतीजे नौ दस भाई*
*भान कैयां का ब्याह रचाया कितने की सगाई*
*पांचा का तो ब्याह रचाया दसां की सगाई।*

और देखिए ...

*म्हारी सांझी ए के ओढैगी के पहरैगी*
*क्यांए की मांग भरावैगी*
*मिसरू पहरूंगी स्यालु औढूंगी*
*मोतियां की मांग भराऊंगी*
*म्हारी सांझी ए के जीमेगी के झूठेगी*
*क्यांए की चलुए भरावैगी*
*लाडू जीमूंगी पेड़ा झुठूंगी*
*इमरत की चलुए भराऊंगी*

इसी क्रम में सांझी का आरता तो और अधिक विशेष है ...

*आरता ए आरता संझा माई आरता*
*आरता के फूल चमेली की डाल्ही*
*नौ नौ नोरते दुरगा माई के*
*सोलां कनागत पितरां के*
*जाग सांझी जाग तेरै माथ्थे लाग्या भाग*
*पीली पीली पट्टिआं सदा सुहाग*

इसके अलावा नवरात्रि के दौरान मिट्टी के पात्र में बोए गए जौ को दशहरे पर काटकर बहनों द्वारा भाइयों के कान पर लगाया जाता है और उनके मंगल की कामना की जाती है। दशहरे के दिन पूजा के समय आयुध पूजा भी की जाती है। जिसमें किसानों और सैनिकों द्वारा औजारों और हथियारों की तो विद्यार्थियों द्वारा अपनी पुस्तकों और गृहिणियों द्वारा अपने रसोई की प्रयोग वस्तुओं की पूजा की जाती है।

इस अवसर पर सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य हरियाणा विशेष परंपराओं और ऐतिहासिक धरोहर के साथ और भी जीवंत हो उठता है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह समाज को जोड़ने वाला पर्व है। जो बच्चों और युवाओं को हमारे पौराणिक इतिहास से जोड़ता है तथा हमें अपने भीतर की बुराइयों जैसे क्रोध, अहंकार और ईर्ष्या को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। यह पर्व सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता को मज़बूत करता है।  दशहरा भारतीय संस्कृति और एकता का संदेश देता है। यह पर्व हर साल हमें याद दिलाता है कि चाहे अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, अंततः प्रकाश की विजय होती है। कहा जा सकता है कि हमारे भारत की ये समृद्ध परम्पराएं और पर्व तो विशेष हैं ही किन्तु हरियाणा की अपनी परम्परा और संस्कृति उसमें और चार चाँद लगा देती है, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है।

---

कविता | **डा. रणबीर सिंह दहिया**



### जलवायु प्रदूषण

कार्बन साइकल नै समझां जै दुनिया बचाणी रै।।
धरती संकट बढ़ता आवै होज्या कुनबा घाणी रै।।

पौधे करैं ऑक्सीजन पैदा ये सूरज के प्रकाश मैं
कार्बन डाइऑक्साइड सोखैं ये भोजन की आस मैं
संघर्ष और निर्माण का इतिहास बनाया प्राणी रै।।

इस ब्रह्मांड को समझैं इसमैं हम सां कड़े खड़े
कुदरत के नियम जाणे म्हारे कदम भी सही पड़े
इसका जब मजाक उड़ाया पड़ी मूंह की खाणी रै।।

आस पास और दुनिया मैं कैसे यह संसार चलै
कुदरत और जनता को कैसे यो धनवान छलै
इस धनवान लुटेरे की कोन्या चाल पिछाणी रै।।

चल चल पूंजी खावैगी या म्हारे पूरे ही समाज नै
धरती का संकट बढ़ाया सै इसके तेज मिजाज नै
विकास टिकाऊ बचा सकता म्हारी सबकी हाणी रै।।

---

कविता | **विजय सिंह सिवाच**



### गजब का हरियाणा

देख्या म्हारा गजब का हरियाणा।
आपसी प्रेम घणा, दूध दही का खाणा ।।

हरियाणा नाम इसका न्यू पड्या मेरे भाई।
खुद श्री कृष्ण जी ने, यहां गीता आण सुणाई।।
हरे भरे जंगल यहां, सदा हरियाली छाई।
ग ऊ माता के दूध की यहां, नदिया बहती पाई।।
म्हारा मुख्य काम बताया अन्न का उपजाणा।
आपसी प्रेम घणा,और दूध दही का खाणा...

सब धर्मों के लोग यहां, सब की ऊंची शान।
36 जात रहें प्रेम से,सबका होता मान सम्मान।।
सादे भोले लोग यहां के, कृषि इनका मुख्य काम।
अनजान को भी भाई कहकर,करते उसका मान।।
पहले छेडैं नहीं फिर छोडैं नहीं,योहे प्रण निभाणा
आपसी प्रेम घणा,और दूध दही का खाणा...

खेलों में भी हरियाणे नैं, ऊंचा नाम कमाया।
साक्षी और फोगाट बहनों ने, भारत भाल चमकाया ।।
हवा सिंह जी, विजेंद्र सिंह ने बॉक्सिंग में नाम कमाया।
अनगिनत खिलाड़ी हरियाणा के, मैं लिख नहीं पाया।।
सादर नमन उन खिलाड़ियों को,जिन्होंने चमकाया हरियाणा।
आपसी प्रेम घणा और दूध दही का खाणा...

राजनीति में भी हरियाणा नहीं, पीछे नाम कमाने में।
छोटू राम मशहूर हुए फिर छोटा राम कहलाने में।।
देवी लाल मशहूर हुए ,लोकराज चलाने में।
बंशीलाल मशहूर हुए,विकास के पैमाने में।।
प्रोफेसर शेर सिंह के प्रयासों से, 1966 में बणा हरियाणा।
आपसी प्रेम घणा और दूध दही का खाणा...

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

पारंपरिक तकनीक | **ब्रिटिश शासन के समय 1890 के दशक में स्थापित की गई यह चक्की आज भी कार्यशील**

# अनमोल धरोहर है फतेहपुर-पूंडरी की पनचक्की



जीवनशैली | **डॉ. सत्यवान सौरभ**

कैथल जिले के पूंडरी क्षेत्र में स्थित फतेहपुर गांव की पानी से चलने वाली आटा चक्की न केवल स्थानीय ग्रामीण समुदाय के लिए बल्कि पूरे राज्य के लिए ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। यह चक्की ब्रिटिश शासन के समय, लगभग 1890 के दशक में स्थापित की गई थी और आज भी कार्यशील स्थिति में है। इसे हरियाणा की एकमात्र जलचालित आटा चक्की के रूप में जाना जाता है, जो पर्यावरण के अनुकूल और पारंपरिक तकनीक का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

करीब 127 साल पुरानी यह पनचक्की अंग्रेजों ने 1890 के आसपास बनवाई थी। आज भी यह चक्की पूरी तरह चालू है और लोग इसका पिसा हुआ आटा खाते हैं। इसकी खासियत यह है कि यहाँ पिसा आटा बिल्कुल ठंडा रहता है और वातावरण भी पूरी तरह प्राकृतिक है। यह भारत की सबसे पुरानी चालू पनचक्कियों में से एक मानी जाती है। यह चक्की फतेहपुर से नैना-धौंस रोड पर सरसा ब्रांच नहर पर बनी है। नहर का पानी लोहे के बड़े-बड़े पंखों पर गिरता है, जिससे वे घूमते हैं और चक्की चलती है। यहाँ पाँच चक्कियाँ लगी हुई हैं जो एक घंटे में लगभग 200 किलोग्राम गेहूँ की पिसाई कर सकती हैं। खास बात यह है कि यहाँ वजन तौलने के लिए कोई कांटा नहीं रखा गया। लोग स्वयं गेहूँ डालते हैं और पिसाई के बाद आटा अपने कट्टे में भर लेते हैं। फतेहपुर, पूंडरी, नैना, धौंस, काकौत समेत कई गाँवों के लोग यहाँ पिसाई करवाने आते हैं। पानी की इस चक्की की विशेषता यह है कि यह जल की ऊर्जा का उपयोग करके अनाज पीसने का कार्य करती है। बिजली या किसी अन्य ऊर्जा स्रोत की आवश्यकता नहीं पड़ती। जलचक्की की यह पारंपरिक तकनीक केवल ऊर्जा की बचत ही नहीं करती, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में प्राचीन कृषि और औद्योगिक ज्ञान को जीवित रखती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पुराने समय में लोग






प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके किस प्रकार तकनीकी समस्याओं का समाधान करते थे। फतेहपुर की जलचालित आटा चक्की न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का भी एक प्रमुख स्रोत रही है। इस चक्की के माध्यम से ग्रामीण समुदाय पारंपरिक जीवनशैली और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलन को बनाए रखता है। जलचालित आटा चक्की पर्यावरण की दृष्टि से भी बेहद उपयोगी है। बिजली पर निर्भर न होने के कारण यह ऊर्जा की बचत करती है और प्रदूषण कम करती है। यह दिखाती है कि पुराने समय में पारंपरिक तकनीकें कितनी प्रभावी और टिकाऊ होती थीं। आज के युग में जब बिजली और मशीनों पर अधिक निर्भरता बढ़ गई है, इस चक्की का उदाहरण हमें प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग सिखाता है। इस चक्की की संरचना और कार्यप्रणाली भी काफी रोचक है। इसमें पानी की धारा से एक पत्थर या चक्की घूमती है, जो अनाज को पीसने का काम करती है। यह तकनीक इतनी प्रभावशाली थी कि इसे आज भी कई अन्य आधुनिक उपकरणों के मुकाबले स्थायी और विश्वसनीय माना जाता है। स्थानीय लोग इसे बड़ी श्रद्धा और गर्व के साथ संचालित करते हैं। फतेहपुर की जलचक्की केवल एक औद्योगिक उपकरण नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह हरियाणा की परंपराओं, तकनीकी ज्ञान और ग्रामीण जीवन की कहानियों को जीवित रखती है। इस चक्की के माध्यम से युवा पीढ़ी अपने पूर्वजों के जीवन और उनकी मेहनत और साधनों को समझ सकते हैं। सरकार और स्थानीय प्रशासन ने भी इस जलचक्की के महत्व को समझते हुए इसे संरक्षित करने और प्रचारित करने की दिशा में कई पहल की हैं। पर्यटक और शोधकर्ता इस चक्की का अनुभव लेने फतेहपुर आते हैं और इसकी तकनीक, इतिहास और सामाजिक महत्व को समझते हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होता है। जलचक्की का महत्व केवल ऐतिहासिक या आर्थिक नहीं है। यह हमें पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली का संदेश देती है। जब प्राकृतिक संसाधनों का सही और संतुलित उपयोग किया जाता है, तो समाज को स्थायित्व और सुरक्षा मिलती है। फतेहपुर की यह जलचक्की इस दृष्टिकोण का जीता-जागता उदाहरण है। आज के युग में जब मशीन और बिजली पर निर्भरता बढ़ गई है, पारंपरिक जलचक्कियों का महत्व और भी बढ़ गया है। यह न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखती हैं, बल्कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के महत्व और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी करती हैं। फतेहपुर की यह चक्की युवाओं के लिए शिक्षा और शोध का भी माध्यम बन सकती है। अंततः, फतेहपुर, पूंडरी की जलचालित आटा चक्की न केवल ऐतिहासिक धरोहर है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण रोजगार और पारंपरिक तकनीकी ज्ञान का महत्वपूर्ण प्रतीक भी है। इसे संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों को इसके महत्व के बारे में जागरूक करना हर नागरिक और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

---

# समय के साथ खुद में बदलाव लाएं आरजे : आनंद शर्मा

कलाकार | **डा. तबस्सुम जहां**

आकाशवाणी हम सबको बचपन से ही लुभाता रहा है। ख़ूबसूरत और दिलकश आवाजों का यह तिलस्मी संसार सबको एक जादुई मोहपाश में बांध लेता है। वर्तमान आधुनिक दौर में मनोरंजन के तमाम संसाधन होने के बावजूद आज भी आकाशवाणी का नाम ज़हन में आते ही बहुत ही ख़ूबसूरत-सी आवाज़ें हमारे कानों में गूंजने लगती हैं और इसीलिए आज हम आपको परिचित करा रहे हैं आवाज़ की ऐसी ही खूबसूरत दुनिया से।  बहुत ही शानदार व्यक्तित्व के धनी आनंद शर्मा जो अपनी बेहद ख़ूबसूरत आवाज़, दिलकश अंदाज़ और बेहतरीन प्रस्तुति के ज़रिए हरियाणा के तमाम लोगों के दिलों में बसते हैं।



आज भी जब आकाशवाणी हिसार से उनकी आवाज़ गूंजती है तो केवल युवा पीढ़ी की ही नहीं बल्कि हर उम्र के लोगों की पसंद होती है। पिछले दो दशक से इस क्षेत्र रेडियो जॉकी (आरजे) से जुड़े आनंद न केवल आकाशवाणी बल्कि रेडियो मंत्रा (वर्तमान में रेडियो सिटी) जैसे मंचों से जुड़े रहे हैं। ख़ास बात यह है कि वे साहित्य की संवेदना से भी जुड़े हैं। यही कारण है कि उनके आकाशवाणी के कार्यक्रमों में नित नवीनता मिलती है। आनंद शर्मा का जन्म करनाल (हरियाणा) में हुआ और इन्होंने एमएससी और बीएड तक शिक्षा पाई है। आकाशवाणी में अपने 20 साल के करियर में शायद ही ऐसी कोई उपलब्धि हो जो इन्हें न मिली हो। अपने कार्यकाल में इन्होंने रेडियो से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण फीचर्स, रेडियो साक्षात्कार, रेडियो शोज़,  आदि किए हैं। आनंद शर्मा हरियाणा के पहले ऐसे आरजे हैं जो रेडियो मंत्रा हिसार , रेडियो मंत्रा करनाल और आकाशवाणी हिसार मॉर्निंग की लॉन्चिंग वॉइस रहे हैं। साहित्य की बात करें तो इनकी कविताएं हरियाणा से निकल कर दिल्ली, यू पी, मध्यप्रदेश, मुंबई और ब्रिटेन व अमेरिका तक की पत्र-पत्रिकाओं में छप चुकी हैं। स्वयं उनके शब्दों में- 'यूँ तो मेरी आवाज़ ईश्वरीय देन है लेकिन मैं अपनी आवाज़ का थोड़ा ध्यान तो रखता हूँ, थोड़ी सी ब्रीदिंग एक्सरसाइज करता हूँ और कुछ खास नहीं।' इन्होंने जब से होश संभाला तब से ही रेडियो को हमेशा अपने घर में सुना क्योंकि उनके पिता जी रेडियो और संगीत के बहुत शौकीन थे। बचपन से ही उनके अवचेतन मन में ये बात बैठ गई कि वह भी एक दिन रेडियो में बोलेंगे। उसी का परिणाम है कि वह आरजे बन गए। आरजे के रूप में करियर की संभावनाओं  दके बारे में उनका कहना है कि ये युग संचार का है और यदि आप प्रभावी ढंग से अपनी बात कहने में सक्षम हैं तो आप को काम की कोई कमी नहीं है। जैसाकि हम जानते हैं कि वर्तमान में आकाशवाणी का पुरातन तिलस्मी दौर लगभग मृतप्रायः हो चुका है। एक समय तो यह गायब ही हो गया था प्राइवेट चैनल के द्वारा रेडियो की पुनः वापसी हुई लेकिन इसे आकाशवाणी की वापसी तो नहीं कहा जा सकता। उक्त संदर्भ में आनंद शर्मा को लगता है कि आकाशवाणी जड़ है, पेड़ है और प्राइवेट एफ़एम उसके पुष्प , जो अलग रंग के हो सकते हैं , मौसम आने पर महक सकते हैं किंतु पुष्प का अस्तित्व जड़ और तने के बिना असंभव है। आनंद शर्मा मानते हैं कि एक आरजे जब भीतर बैठ कर अपना कार्यक्रम कर रहा होता है उस समय आपको या एक श्रोता को लग सकता है कि हमारे सामने कोई चेहरा नहीं होता लेकिन इसे ऐसा मानिए कि हम लोग असल में आप से ही बात कर रहे होते हैं तो वो एकालाप नहीं अपितु वार्तालाप ही होता है । आनंद शर्मा ने बताया कि आवाज़ की दुनिया से जुड़े लोग कहते हैं कि रेडियो एक नशा है। इसमें आर्थिक तौर पर इतना लाभ नहीं है। वह कहते हैं कि बेशक! वह भी इस नशे से ग्रस्त हैं, और शायद उनके लिए ये नशा लाइलाज हो चुका है और नशे में नफ़ा नुकसान नहीं देखा जाता।

उनका यह भी मानना है कि इसमें आर्थिक लाभ नहीं है तो ऐसा भी नहीं है, आजकल एक आरजे अच्छा पैसा कमा सकता है बशर्ते वो समय के साथ खुद को बदलने को तैयार हो। आकाशवाणी को सतत जिंदा रखना है तो इसमें किस प्रकार का आधुनिकीकरण किया जा सकता है? के सवाल पर आनंद शर्मा ने बताया कि बदलाव जरूरी है और चाहे व्यक्ति विशेष हो या कोई संस्था। आकाशवाणी ने भी खुद को बदला है और सतत प्रयास भी कर रहा है किंतु कभी मूल्यों से समझौता नहीं किया। आकाशवाणी का जन्म



किसी रेस में जीतने के लिए नहीं हुआ अपितु लोगों की भलाई और मनोरंजन के लिए हुआ है जो अधिक महत्वपूर्ण है। आनंद शर्मा के अनुसार आकाशवाणी भाषा की शुद्धता पर बड़ा ध्यान देता है। एक समय था कि इसके बताए समय से लोग अपनी घड़ियों का समय मैच करते थे। ख़बरों के मामले में भी दूरदर्शन और आकाशवाणी इतना विश्वसनीय रहा है। भाषा की शुद्धता और समय को लेकर आकाशवाणी आज भी विश्वसनीय है। जहां तक खबरों की बात है सच कभी सबको प्रिय नहीं हो सकता।  आलोचना और असहमति उसका अभिन्न अंग है। आज जिस तेज़ी से हरेक क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा का प्रचलन बढ़ा है ऐसे में आकाशवाणी हिंदी को बचाने के लिए किस प्रकार भूमिका निभा सकता है? इस सवाल पर उन्होंने दो टूक कहा कि अंग्रेज़ी का प्रचलन बढ़ने से हिंदी को बचाने जैसी बात कैसे पैदा हो सकती है? मैं नहीं समझता। चंद्रमा की चांदनी से सूरज के अस्तित्व को खतरा कैसे हो सकता है? दोनों की अपनी जगह है, अपना महत्व है। जहां तक आकाशवाणी का प्रश्न है तो वो वह एक संस्कारी पुत्र की तरह हिंदी की सेवा कर रहा है । वर्तमान पीढ़ी आकाशवाणी को सुनती नहीं है लेकिन यह लोग इससे जुड़ने के तो इच्छुक रहते ही हैं तो इसमें चयनित होने की प्रक्रिया क्या रहती है? इस प्रश्न पर असहमति जताते हुए आंनद शर्मा ने बताया कि लोग सुनते हैं तभी तो जुड़ना चाहते हैं। आकाशवाणी से जुड़ने के इच्छुक अभ्यार्थी आकाशवाणी की स्वर परीक्षा में हिस्सा लेकर एक साक्षात्कार के उपरांत आकाशवाणी परिवार का हिस्सा बन सकते हैं।

आवाज़ की दुनिया में आनंद शर्मा अमीन सयानी को अपना गुरु मानते हैं। वह बताते हैं कि यदि आप हिंदी के आरजे हैं तो बेशक आपका सपना होता है कि आप अमीन सयानी जैसी प्रतिभा अर्जित कर सकें। किंतु यदि प्राइवेट एफ़एम की बात करें तो आरजे नितिन से उन्होंने बहुत सीखा है। आनंद शर्मा ने प्राइवेट चैनल और सरकारी संस्थान दोनों जगह काम किया है। दोनों में वह प्रोग्राम करते समय कुछ ज्यादा फ़र्क नहीं पाते हैं। उनके अनुसार एक बार जब आप स्टूडियो में प्रवेश करते हैं कंसोल पर फेडर को उठाने के बाद जब बोलना शुरू करते हैं तो यकीन मानिए इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वो सरकारी चैनल है या प्राइवेट।

आवाज़ की दुनिया के लोग अक्सर मंच संचालन में देखे गए हैं क्या आप भी इस क्षेत्र में जाना चाहेंगे? इस प्रश्न पर मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा कि मैं नए अवसरों को लेकर हमेशा ही उत्साहित रहता हूँ। यदि अवसर मिला तो जरूर आप जल्द ही मुझे किसी मंच पर देखेंगे।

### आरजे या प्रस्तोता को पाठक होना ही चाहिए

आनंद शर्मा एक मशहूर कवि भी हैं और साहित्य और दर्शन के अच्छे ज्ञाता भी। उनका मानना है कि साहित्य पठन पाठन और आरजे की भूमिका आपस में गुंथी हुई हैं। एक आरजे या प्रस्तोता को पाठक होना ही चाहिए। असल में जैसा हम पढ़ते हैं, वैसे ही हम प्रस्तोता होते हैं और ये आप किसी भी आरजे को सुनकर सुनिश्चित कर सकते हैं। आनंद शर्मा लेखन के क्षेत्र में कैसे आए? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लेखन के क्षेत्र में आना एक घटना थी जो कुछ समय पहले ही घटी, शायद दो साल पहले। यकायक विचार भावों का रूप लेकर कविता के तौर पर उभरे और कविता यात्रा आरंभ हो गई।

खबर संक्षेप

## छात्रों ने हासिल किया ज़िले में दूसरा स्थान

**उकलाना मंडी।** कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, उकलाना ने सुरभि आर्ट फिल्म सिटी, कैमरी, हिसार में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर उकलाना ब्लॉक का नाम पूरे जिले में गौरवान्वित किया।
यह प्रतियोगिता हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित की गई।

## विद्युत नगर की दीवार पर पेंटिंग अभियान चलाया

**हिसार।** 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने बारिशों के चलते कुछ अंतराल के बाद रविवार को एक फिर पेंटिंग अभियान शुरू किया। संस्था की टीम ने विद्युत नगर की दीवार पर सफेद पेंट किया और कुछ कलाकृतियां बनाईं। आने वाले सप्ताहों में यह अभियान जारी रहेगा।

## श्री श्याम भवन में लगाया मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप

**हांसी।** जींद रोड स्थित श्री श्याम भवन में रविवार को सर्वोदय मल्टीस्पेशिलिटी एवं कैंसर हस्पताल हिसार की तरफ से तीसरे निःशुल्क मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद भयाना ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी अग्रोहा विकास ट्रस्ट के प्रधान विनय जैन व गौरव जैन मौजूद रहे।

## आईटीआई में करियर काउंसलिंग का आयोजन

**हिसार।** तोशाम रोड स्थित राजकीय आईटीआई में सेवा पखवाड़े के तहत करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनूप, परविंदर व तेज प्रकाश ने केमिकल ग्रुप में आने वाली सभी ट्रेडों के छात्र-छात्राओं तथा पेंटर ट्रेड के प्रशिक्षुओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेषज्ञ ने प्रशिक्षुओं को भविष्य में उपलब्ध रोजगार अवसरों, तकनीकी ज्ञान के महत्व, अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग तथा नेशनल कौशल विकास के बारे में उपयोगी जानकारी दी।

## भगत सिंह थे साहसिक क्रांतिकारी : मुकेश

**उकलाना मंडी।** ग्राम सुधार समिति बिठमड़ा की ओर से शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी, बिठमड़ा में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ईश्वर सिंह एडवोकेट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा मियां सिंह बिठमड़ा ने मंच का संचालन किया।

## गीता भवन में आयोजित चार दिवसीय कथा सम्पन्न

**हांसी।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गीता भवन मंदिर में चार दिवसीय श्री देवी कथा का आयोजन किया गया। कथा के अंतिम दिवस में साध्वी भद्रा भारती ने बताया। जब एक भक्त भक्ति मार्ग पर बढ़ता है तो उसके जीवन में सतगुरु का आगमन होता है। सतगुरु इंसान को सभी भ्रमों से दूर करते हैं।

### शिविर 100 लोगों ने किया रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

# जीवन रक्षक कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हैप्पी पब्लिक स्कूल में किया रक्तदान

**सेवा और मानवता का संदेश फैलाने का माध्यम है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हैपी पब्लिक स्कूल एवं बाबा परसा नाथ के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल प्रांगण में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया।शिविर में स्कूल प्राचार्या भावना यादव व रक्तदान शिविर के संयोजक विजेंद्र सिंह प्रजापति ने भी रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार ने कहा कि रक्तदान केवल जीवन बचाने का साधन नहीं, बल्कि यह समाज में सेवा, करुणा और मानवता का संदेश फैलाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उपस्थित सभी रक्त दाताओं और आयोजकों को प्रेरित किया कि वे जीवन रक्षक कार्यों में निरंतर भाग लें और समाज में जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. योगी अनूप नाथ ने रक्तदान के सामाजिक और आध्यात्मिक आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक सेवा और मानव कल्याण का भी माध्यम है। उन्होंने युवाओं में सेवा भाव, सहानुभूति और मानवता के विकास पर विशेष जोर दिया। इस अवसर कार्यक्रम के संयोजक विजेंदर सिंह प्रजापति ने समाज के सच्चे योद्धाओं और समाजसेवियों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपने सतत योगदान और निस्वार्थ सेवा के माध्यम से समाज में मिसाल कायम की। उन्होंने रक्त दान और समाज सेवा के महत्व पर अपने विचार साझा किए।इस अवसर पर साध्वी सुजाता ने अपने भजनों व प्रेरक प्रवचन के माध्यम से उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा और सेवा भाव की ओर प्रेरित किया। उनके भजन और प्रवचन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी रक्त दाताओं, युवाओं और नागरिकों को भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जोड़कर महोत्सव को और भी सर्थक बना दिया।



हांसी। हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि



हांसी। रक्तदान शिविर में रक्तदान कर रही स्कूल प्राचार्या भावना यादव का हौसला अफजाई करती साध्वी सुजाता व स्वामी चंद्रादेव व अन्य।

**रक्तताओं को किया सम्मानित**

इस अवसर हैपी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल प्रतिभा यादव ने मुख्य अतिथि सहित सभी रक्त दाताओं और आयोजकों का हृदय की गहराईयों से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सहानुभूति, सेवा और त्याग का संदेश फैलाते हैं और युवाओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं

**शिविर में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर स्वामी चंद्रादेव, प्रधान हरीश कुमार, वेदप्रकाश नंगूरा वाले, फतेह सिंह गुज्जर, दीवान चंद पेड़े वाले, शेर सिंह प्रजापति, धर्मसिंह जांगड़ा, धर्मवीर जांगड़ा, जगमोहन यादव, सुशील गोयल, जेपी यादव, ओमप्रकाश चौहान, प्रीत कुमार सोलंकी, डॉ महेंद्र सैन, मनमोहन, वीरेंद्र प्रजापति, डॉ निरंजन, रमेश भूटानी प्रधान, राजकुमार स्वामी, प्राध्यापक नरेंद्र यादव, सीताराम, ऋषि सैनी, राजेंद्र बिश्नोई , डॉ सचिन यादव ढाणा, नवीन यादव, सरोज प्रजापति, साहिल जैन, हनुमान वर्मा, रमेश रोहिला, राकेश सैनी, हंसराज बाल्मीकि, नवीन सैनी, डॉ सचिन, अनु आर्या, सोनिया अरोड़ा, दिनेश कुंडल, प्रिंस तंवर, रमन नागपाल, सत्यवान, विद्यालय स्टाफ सहित काफी संख्या शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### छात्रों ने किया परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

# आरपीएस पब्लिक स्कूल हुई स्कॉलरशिप परीक्षा



हांसी। स्कॉलरशिप कम एडमिशन एग्जाम में भाग लेने वाले बच्चों के साथ अभिभावक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

**परीक्षा आरपीएस संस्था की सभी शाखाओं में आयोजित की गई**

बच्चों में निहित प्रतिभा को निखारने में आरपीएस संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है । इस कड़ी में आगामी सत्र 2026-27 के लिए आ र पी ए स पब्लिक स्कूल में तीसरी से 11वीं कक्षा के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह परीक्षा आरपीएस संस्था की सभी शाखाओं में आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था के सीईओ मनीष राव ने ऑनलाइन माध्यम से अभिभावकों को संबोधित किया। अपने संबोधन में संस्था के उद्देश्यों, कार्य प्रणाली,उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा के दौरान कक्षा 11वीं में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष सुपर 30 छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जाती है । जिसमें सभी शाखाओं में से उच्च स्तर के 30 विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है।

**किया प्रेरित**

विद्यालय में उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय की उपलब्धियों से प्रेरित होकर अपने विचार सांझे किए। विद्यालय के संचालक डॉ. संदीप देसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक क्षमताओं के आधार पर आगामी सत्र के दाखिले में विशेष छात्रवृत्ति प्रदान करना है । यह परीक्षा छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मंच प्रदान करती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत अभिभावकों का मन मोह लिया।

# एचएयू में मनाई भगवान वाल्मीकि की जयंती

- कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों के 2 अक्टूबर के कुरुक्षेत्र के आंदोलन में भाग लेने का किया गया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एचएयू सफाई कर्मचारी यूनियन सफाई कर्मचारी एवं सीवरमैन यूनियन के आह्वान पर जिला स्तर की महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाने के लिए मधुबन पार्क हिसार में कार्यकारिणी सहित अन्य सभी कर्मचारी शामिल हुए। अलग-अलग विभागों में सफाई एवं सीवरमैन यूनियनों से पदाधिकारी एवं सदस्य जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य के महासचिव विनोद ने राज्य के सफाई कर्मचारियों की दयनीय हालत पर बोलते हुए कहा कि पिछले 75 वर्षों की आजादी के बाद जितनी भी सरकारें सत्ता में आईं सफाई कर्मचारियों का शोषण लगातार करती रही। मौजूदा भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी अलग-अलग विभागों में ठेका प्रथा और पार्ट टाइम और कई अन्य नामों से कम वेतन देकर शोषण कर रही है।



हिसार। भगवान वाल्मीकि जयंती में उपस्थित एसोसिएशन के

**किए पुष्प अर्पित**

एचएयू सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान कालूराम ने भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एचएयू स्वीपर यूनियन 2 नवंबर को कुरुक्षेत्र की रैली में बढ़-चढ़ कर भाग लेगी और अन्य साथियों को भी जागरुक करने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपप्रधान संजय तिसावर, महासचिव विकास चिंडालिया, उपप्रधान विक्रम कांगड़ा, कोषाध्यक्ष शंकर सरवटा, प्रेस सचिव अमित सिद्धू, ऑडिटर विनोद चावरिया, सचिव बंटी चिंडालिया, सह सचिव प्रदीप अठवाल, कार्यकारिणी सदस्य संदीप खोबा आदि रहे।

# गेहूं पर सब्सिडी देने की मुख्यमंत्री की घोषणा का अभी नहीं हुआ पत्र जारी : दलबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वरिष्ठ इनेलो नेता दलबीर किरमारा ने कहा है कि एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों को गेहूं बीज पर सब्सिडी देने की घोषणा की थी लेकिन पत्र जारी न होने के कारण किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री व भाजपा सरकार केवल लोकप्रियता हासिल करने के लिए घोषणाएं करते हैं। इनेलो नेता दलबीर किरमारा ने कहा कि एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों को रिझाने के लिए बड़ी घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि किसानों को नवरात्र पर सौगात देते हुए गेहूं बीज पर सब्सिडी बढ़ाई गई है। बढ़ाई गई सब्सिडी के तहत किसानों को 1000 रुपये प्रति क्विंटल की जगह अब 1075 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ी हुई सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार इससे किसानों को फायदा होगा और प्रति क्विंटल अधिक सब्सिडी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बैनर, पोस्टर उनके सोशल मीडिया हेंडल पर अब भी देखे जा सकते है लेकिन खास बात यह है कि अभी तक उनकी इस घोषणा के अनुसार सब्सिडी का पत्र जारी नहीं हुआ है। पत्र जारी न होने के कारण संबंधित विभाग किसानों को सब्सिडी नहीं दे पा रहे हैं और किसानों को महंगे भाव पर ही गेहूं बीज खरीदकर बिजाई की तैयारी करनी पड़ रही है।



इनेलो नेता दलबीर किरमारा।

- पत्र जारी न होने के कारण किसानों को महंगा मिल

## राजकीय महाविद्यालय बरवाला में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के विजेताओं को किया



**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभा खोज कार्यक्रम 2025-26 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ. सत्यपाल सिंह ने मुख्य अतिथि एचओडी गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार राम सिंह बैनीवाल एवं विशिष्ट अतिथियों नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला और भाजपा घुमंतू प्रकोष्ठ प्रदेश आईटी प्रमुख अश्विनी गूंदली का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिया। मुख्य अतिथि एचओडी राम सिंह बैनीवाल ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और प्रतिभा प्रदर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला। इन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला और भाजपा घुमंतू प्रकोष्ठ आईटी प्रमुख अश्विनी गूंदली ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-कर

## शिव मंदिर में माता की चौकी पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**आएगी शेरों वाली मां, दिल से बुलाकर देख**

श्रीशिव मंदिर ट्रस्ट, एमसी कालोनी के तत्वाधान में शिव मंदिर में शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में माता की चौकी का आयोजन किया गया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेका। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रा म अ व ता र अग्रवाल ने बताया कि ज्योत प्रचण्ड करने के बाद भजन गायक वंदना अरोड़ा गांधी व राजेन्द्र काका ने माता रानी का गुणगान किया। देर रात तक महामाई के जयकारे गूंजते रहे। गायकारों ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है.. .., चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.. .., आज मैनू नच लेन दे.. .., नंगे-नंगे पांव चल दौड़ आई मां.. .., कीर्तन है की है रात मैय्या आज थाने आणा है.. .., मैया है मेरी शेरों वाली सच्चा है मां का दरबार.. .., आएगी शेरों वाली मां दिल से बुलाकर देख.. .., आज मैय्या का जगराता के भेंटें गाएंगे.. .., दाती दा दीदार, दीदार मैंनु होया.. .., भेंटें गाकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान झांकी भी निकाली गई। अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में आए हुए भक्तों ने नवरात्रों के उपलक्ष्य में मंदिर में जल रही सैंकड़ों अखण्ड ज्योतों के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।



हिसार। शिव मंदिर में आयोजित माता की चौकी में भजन गाते हुए वंदना अरोड़ा गांधी।

## भगत सिंह ने आजादी के लिए न्योछावर कर दिया जीवन : सुरेश गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवानी मंडी

**इस मौके पर शहीदों को नमन कर दी श्रद्धांजलि**

सिवानी खंड के गांव गैंडावास स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल में शहीद ए आजम भगतसिंह की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय निदेशक सुरेश गेट ने भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेश गेट ने कहा कि भगतसिंह ने जो अपना जीवन देश की आजादी दिलवाने में न्योछावर किया, वह अपने आप में एक महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिस प्रकार देश को आजाद करवाने में अपना अमिट योगदान दिया उसको हम कभी भुला नहीं सकते। आज हम सबको मिलजुल कर इनके जीवन से जुड़े हर एक विचारों को हमें अपने जीवन में उतरना चाहिए और हम सबको भगतसिंह की तरह एक दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए हमेशा अग्रसर रहना चाहिए और देश सेवा और समाज सेवा में अपना योगदान देना चाहिए।



## श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल ने पहली बार की स्कोर छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित



हिसार। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, हिसार ने हाल ही में पूरे क्षेत्र के मेधावी छात्रों की पहचान और उन्हें सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से एक स्कोर छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया। हिसार में स्कूल द्वारा पहली बार इस तरह की पहल की गई है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह छात्रवृत्ति परीक्षा प्रतिभाशाली छात्रों को पहचानने और उन्हें वित्तीय सहायता एवं शैक्षणिक प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए आयोजित की गई थी। हिसार के विभिन्न स्कूलों से बड़ी संख्या में छात्रों ने उल्लेखनीय प्रतिस्पर्धात्मक भावना और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।

**प्राचार्याने दी जानकारी**

प्राचार्या शिरीषा ने स्कोर छात्रवृत्ति परीक्षा के बारे में बताया कि श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल का नाम शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जाना जाता है जो हर वर्ष ऐसे छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करता है इस परीक्षा में 2.5 करोड़ के नकद व 350 करोड़ रुपए कि छात्रवृति बच्चो को दी जाती है इसके अलावा अन्य बहुत से इनाम भी दिए जाते है।

### विश्व रेबीज़ दिवस पर लुवास में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

# समय रहते रोकथाम से टाला जा सकता रेबीज से मौत का खतरा

**रेबीज़ से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी सरल भाषा और आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व रेबीज़ दिवस के अवसर पर लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने समाज को इस घातक रोग के प्रति सतर्क करने के लिए कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कीं। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित थीम थी 'अभी कार्य करें: आप, मैं, समुदाय', जो इस बात पर बल देती है कि रेबीज़ जैसे रोग को समाप्त करने के लिए हर व्यक्ति, संस्था और समुदाय को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने आम जन की जानकारी के लिए विशेष रूप से तैयार की गई 'रेबीज़ जागरूकता मार्गदर्शिका' का लोकार्पण किया गया। इस दौरान विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश खुराना, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग एवं क्षेत्रीय निदेशक, हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र डॉ. आनंद कुमार पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

कुलपति ने मार्गदर्शिका के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सभी आयु वर्ग के लोगों, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने कहा कि रेबीज़ एक ऐसा रोग है जिसकी मृत्यु दर शत प्रतिशत है, परंतु समय रहते रोकथाम से इसे पूरी तरह टाला जा सकता है। इसके लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा अस्त्र है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास समाज में इस गंभीर रोग को लेकर सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



हिसार। जागरूकता अभियान चलाते लुवास के विद्यार्थी।

**विश्वविद्यालय में रेबीज के प्रति किया जागरूक**

विश्वविद्यालय में रेबीज के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए एक सप्ताहव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्रों, इंटर्न्स, फैकल्टी सदस्यों एवं वैज्ञानिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन कार्यक्रमों में निशुल्क टीकाकरण अभियानः विश्वविद्यालय के इंटर्न्स एवं छात्रों ने परिसर के छात्रावासों और आसपास के क्षेत्रों में जाकर पालतू और आवारा कुत्तों के लिए निःशुल्क रेबीज रोधी टीकाकरण अभियान चलाया। इस पहल से स्थानीय समुदाय में सुरक्षा की भावना और विश्वास दोनों बढ़े। इस दौरान लुवास विश्वविद्यालय के आउटस्टेशनों (महेंद्रगढ़, नारनौल, झज्जर, रोहतक, सोनीपत, करनाल, सिरसा, गुरुग्राम एवं भिवानी) पर कार्यरत पशु चिकित्सक वैज्ञानिकों ने भी अपने-अपने स्तर पर जागरूकता अभियान व निःशुल्क टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया।

**रेबीज के सामान्य लक्षण बताए**

इस मार्गदर्शिका को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों डॉ. ज्योति शुंठवाल, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. आनंद कुमार पांडेय एवं डॉ. सुजॉय खन्ना द्वारा तैयार किया गया है। इसे इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि आम जनता, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग, इसे आसानी से समझ सकें। इसमें रेबीज से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी सरल भाषा और आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत की गई है। मार्गदर्शिका में यह बताया गया है कि कुत्ते या अन्य जानवर के काटने पर क्या करना चाहिए, पशुओं में रेबीज के कौन-कौन से सामान्य लक्षण होते हैं, पालतू पशुओं को इस संक्रमण से कैसे बचाया जा सकता है, और साथ ही इसमें आम जनता में प्रचलित भ्रांतियों जैसे कि 'घाव पर मिर्च या हल्दी लगाना' जैसी गलत आदतों का खंडन भी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### शैक्षणिक सफलता के लिए मार्गदर्शन जरूरी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 'टॉपर टॉकः प्रयास को उत्कृष्टता में बदलना' विषय पर एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा-2025 में प्रतिष्ठित रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### डीपीएस ने साइंस स्किल एक्सपो 2025 में मचाई धूम

**हिसार।** सीबीएसई द्वारा आयोजित रीजनल साइंस स्किल एक्सपो 2025 में डीपीएस हिसार के कक्षा 10वीं के प्रतिभाशाली छात्रों, ईशान और भावांशु, ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित इनोवेटिव प्रोजेक्ट के दम पर पंचकूला और गुरुग्राम क्षेत्र से चयनित होकर स्कूल का नाम रोशन किया।

### भाविप ने करवाई 'भारत को जानो' प्रतियोगिता

**हिसार।** आज के समय में बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता बहुत जरूरी हो गई है। किताबें पढ़ने के अतिरिक्त जहां ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों का मानसिक रूप से मनोबल बढ़ाती है वहीं बच्चों का ज्ञानवर्धन भी होता है। यह बात कौन बनेगा करोड़पति के 12 सितंबर को टेलीकास्ट हुए एपिसोड में 12.5 लाख रुपए जीतने वाली स्नेहा बिश्नोई ने देवी भवन मंदिर स्थित गोयंका सेवा सदन में बच्चों को संबोधित करते हुए कही।

### भगत सिंह की 118वीं जयंती धूमधाम से मनाई

**हिसार।** भारत की जनवादी नौजवान सभा की हिसार इकाई की ओर से निकटवर्ती गांव मलापुर में शहीद ए आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान पंकज बगला व जिला सचिव ज़ितेन्द्र बूरा बधावड़ ने की। मुख्य वक्ता सभा के राज्य प्रधान मुकेश दुर्जनपुर रहे। मुख्य अतिथि गांव मलापुर के सरपंच सितेन्द्र पूनियां, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अशोक कुमार रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात ने छुआ मन

**हिसार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. कमल गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 126वें एपिसोड का सामूहिक अवलोकन किया। यह कार्यक्रम पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम गोयल के प्रीति नगर स्थित आवास पर आयोजित किया गया।

### मिनी मैराथन आर्किथॉन 2025 का आयोजन

**हिसार।** आर्किटेक्ट्स की राष्ट्रीय संस्था द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) की हिसार सेंटर की ओर से रविवार को विश्व वास्तुकला दिवस के अवसर पर सेक्टर 16-17 में करीब साढ़े तीन किलोमीटर तक मिनी मैराथन आर्किथॉन 2025 का आयोजन किया गया। इसमें सभी आर्किटेक्ट्स तथा अन्य लोग शामिल हुए।

# एसपी के सख्त निर्देश: होटलों का पंजीकरण और मेहमानों का डाटा अपडेट करान जरूरी, बढ़ेगी सुरक्षा और अपराधों में भी आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने पुलिस जिला हांसी के सभी होटल, लॉज व गेस्ट हाउस संचालकों को सख्त आदेश दिया है कि वे तुरंत हरियाणा पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने संस्थान का पंजीकरण कराएं और प्रतिदिन अपने यहां ठहरने वाले प्रत्येक मेहमान का डाटा अपडेट करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।

**खास बातें**

- होटल संचालकों को सख्त आदेश दिए की वे तुरंव पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर पांजीकरण कराना सुनिश्चित करें

## प्रतिदिन ठहरने वाले प्रत्येक मेहमान का डाटा अपडेट करें संचालक

### नियम का पालन सुनिश्चित करें अधिकारी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे इस नियम के कड़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी होटल या लॉज द्वारा नियमों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आवश्यकताएं और उद्देश्य

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि यह कदम जनसुरक्षा बढ़ाने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध होने से पुलिस को किसी भी अपराध की त्वरित पहचान और कार्रवाई में सहायता मिलेगी, जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियां प्रभावी रूप से रोकी जा सकेंगी।



हांसी के पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

### सख्त चेतावनी

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई भी होटल, लॉज या गेस्ट हाउस यदि इस आदेश का उल्लंघन करता है, अर्थात रजिस्ट्रेशन नहीं करवाता या डाटा अपडेट नहीं करता है तो उसके विरुद्ध संबंधित कानूनों के तहत कड़ी और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिसमें भारी जुर्माना व लाइसेंस की अवधि में कटौती या रद्द करना सहित अन्य कानूनी कार्रवाई शामिल हैं।

### रजिस्ट्रेशन और डाटा अपडेट प्रक्रिया

एसपी ने बताया कि सभी होटल मालिक वेबसाइट पर जाकर अपने होटल का पंजीकरण अवश्य कराएं।प्रक्रिया बेहद सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाई गई है, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न आए। प्राप्त ओटीपी के जरिए लॉगिन कर, दैनिक आधार पर होटल में ठहरने वाले सभी मेहमानों की जानकारी अपडेट करें। इस प्रक्रिया की सहायता के लिए एक स्टेप-बाय-स्टेप गाइड PDF में उपलब्ध है, जिसका पालन करना अनिवार्य है।

### साधकों ने आर्ट ऑफ लिविंग साप्ताहिक फॉलोअप में किया योग

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार इकाई की ओर से दिव्य-सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि आज का सत्र भारत माता मंदिर में आयोजित किया गया जिसका संचालन करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक विजय शर्मा ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। साधकों ने योग, सूर्य नमस्कार, पद्मसाधना, प्राणायाम के साथ दिव्य सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया। नीरज ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, बेंगलुरु में मनाया जा रहा नवरात्रि उत्सव योगासन, होम, ध्यान, प्रार्थना, संकल्प, सेवा, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हमारे अस्तित्व के भौतिक, सूक्ष्म और आध्यात्मिक पहलुओं का एक मिलन है।

## बीड़ बबरान धाम का पांचवां नि:शुल्क ताली कीर्तन रूप नगर में आयोजित

# 'श्याम सुंदर मुझे आसरा आपका, यूं गरीबों के दिल को सताओ नहीं'

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्रद्धालुओं में प्रभु के प्रति आस्था जागृत करने के लिए हिसार के बारह क्वार्टर रोड के पास स्थित रूप नगर में बीड़ बबरान धाम द्वारा पांचवां निशुल्क ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। ताली कीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाया गया और भक्तों को बीड़ बबरान धाम की अखंड ज्योति के दर्शनों का भी अवसर मिला। वाद्य यंत्र वादकों के साथ सुर मिलाते हुए बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने भजन गाकर समां बांध दिया।

**भजन पर नतमस्तक हो गए श्रद्धालु उमड़े श्रद्धालु**

जब उन्होंने श्याम सुंदर मुझे आसरा आपका, यूं गरीबों के दिल को सताओ नहीं भजन गाया तो सभी श्रद्धालु श्याम बाबा के दरबार में अनायास ही नतमस्तक हो गए। विनय शर्मा ने बताया कि श्याम बाबा की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नियमित रूप से निशुल्क ताली कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस ताली कीर्तन में महाराज मयूर शर्मा की विशेष कीर्तन सेवा रहती है। उन्होंने बताया कि बारह क्वार्टर रोड पर पुलिस चौकी के पास रूप नगर में आयोजित किए गए पांचवें निशुल्क ताली कीर्तन में भक्तों की आस्था देखने लायक रही।



**हिसार।** बीड़ बबरान धाम द्वारा रूप नगर में आयोजित ताली कीर्तन में उपस्थित गायक व श्रद्धालुगण। *फोटो: हरिभूमि*

### विभिन्न गायकों ने दी प्रस्तुति

इस दौरान विभिन्न गायकों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर दिया। उन्होंने बताया कि कोई भी श्रद्धालु अपने स्थान पर नि:शुल्क ताली कीर्तन करवा सकता है। इसके लिए समय सारिणी के अनुसार बीड़ बबरान धाम से संपर्क किया जा सकता है।



**हिसार।** आर्य समाज, माडल टाऊन के वार्षिकोत्सव में प्रवचन देते आचार्य योगेश भारद्वाज व उपस्थित श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

## आर्य समाज, मॉडल टाउन के वार्षिकोत्सव का समापन

- सनातन संस्कृति दो अरब वर्ष पुरानी : आचार्य योगेश भारद्वाज
- जिसने रचा सकल संसार, ऐसा कारीगर जग से न्यारा कौन है..

**हिसार।** आर्य समाज, मॉडल टाउन हिसार के 73वें वार्षिकोत्सव के पांचवें व अंतिम दिन सुबह किये गये यज्ञ में सुरेंद्र बेरवाल, राकेश लांबा, ध्रुव अहलावत, मोहित हंस व मुकेश सपत्नीक यजमान बने। यजमानों व उपस्थित लोगों ने आहुतियां डाली। मानुष मन में जरा विचार, जिसने रचा सकल संसार, ऐसा कारीगर जग से न्यारा कौन है, पृथ्वी सूर्य तेज भंडार, चांद और तारों का विस्तार, इनको चलने का करता है इशारा कौन है... .. आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने भजन सुना कर यजमानों को आशीर्वाद दिया। यज्ञ के ब्रह्मा व आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने आदत बुरी सुधार लो बस हो गया भजन, मन की तरंग मार लो बस हो गया भजन.. .. आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने भजन सुना कर यजमानों को आशीर्वाद दिया। यज्ञ उपरांत भजन, प्रवचन व सत्संग का आयोजन किया गया। मुजफ्फरनगर से आये मुख्य प्रवक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे भारत देश के भास्कराचार्य, लीलावती, आर्य भट्ट, आचार्य सुश्रुत, चरक, वरामिहिर आदि सैंकड़ों ऋषियों ने इस देश में गणित, विज्ञान, चिकित्सा, खगोल, भूगोल, आदि पर अनुसंधान करके हमारे समक्ष प्रस्तुत किया था, लेकिन दुर्भाग्य से आज हमारी पीढ़ी को कुछ और ही बताया जा रहा है, जबकि हमारे प्राचीन ऋषि महर्षि ही इन विद्याओं के प्रणेता थे।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया नवरात्रि पर्व



**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। नवरात्रि उत्सव में नर्सरी से दूसरी कक्षा के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने गरबा और डांडिया नृत्य की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा मां देवी के विभिन्न रूपों को दर्शाया। विद्यालय के संचालक संदीप देसवाल ने अपने संबोधन में नवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि नवरात्रि का त्योहार अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की ओर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

**परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के 17 परीक्षा केंद्र बनाए**

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल, सेक्टर 16-17 में रविवार को छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहे और विद्यार्थियों ने अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दी। परीक्षा में कक्षा तृतीय से ग्यारहवीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा नौवीं व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिसके आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान करना था।

# मंत्र उच्चारण के साथ की मूर्ति स्थापना

- मंत्री गंगवा सैनीपुरा गांव में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की
- शिक्षा के दम पर ऊंचे से ऊंचे मुकाम को किया जा सकता है हासिल : रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा एवं विधायक विनोद भयाना ने रविवार को सैनीपुरा गांव के प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मंत्रों उच्चारण के बीच विधिवत रूप से देवी- देवताओं की मूर्तियों की स्थापना की। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में बुलाने के लिए ग्रामीणों का धन्यवाद किया और कहा कि मैं बहुत ही सौभाग्यशाली हूं कि परमपिता परमात्मा ने इस पवित्र कार्य के लिए मुझे चुना है।



**हांसी।** मूर्ति स्थापना पर आयोजित हवन-यज्ञ में आहुतियां डालते केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भयाना व अन्य।! *फोटो: हरिभूमि*

### जो आदेश दोगे, वो पूरा करूंगा: भयाना

इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि सैनी पुरा गांव के लोगों ने हर परिस्थिति में मेरा सहयोग किया है। विधानसभा चुनाव में लगभग 95 प्रतिशत लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर मुझे आशीर्वाद देने का काम किया था। मैं इस गांव के बच्चे बच्चे का कर्जवान हूं।

### भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने शहीद भगत सिंह जयंती मनाई

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने भगत सिंह जयंती पर भगतसिंह चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके जयंती मनाई। समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा की अध्यक्षता में समिति के संस्थापक योगेंद्र शर्मा, नगर पार्षद भीम महाजन, पार्षद रवि जमालपुरिया पार्षद गगन शर्मा, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा व पूर्व पार्षद सुशील शर्मा, पवन सावंत, विकास गौड़, राजेश भारद्वाज, जय सिंह बजाज, पुष्कर शर्मा, छबीलदास शर्मा खरकड़ी आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर समिति के संस्थापक योगेंद्र शर्मा ने शहीद भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बहुत छोटी उम्र में भगतसिंह ने देश के लिये अपना बलिदान दे दिया।

# शोध के क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दें विद्यार्थी

- लुवास में खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण और संदूषक जांच में द्रव क्रोमैटोग्राफी पर कार्यशाला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

यहां के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में चल रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। यह कार्यशाला 'खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण और संदूषक जांच में द्रव क्रोमैटोग्राफी' विषय पर आयोजित की गई। कार्यशाला विश्वविद्यालय के दुग्ध रसायन विज्ञान विभाग, दुग्ध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, पशु चिकित्सा जनस्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित की गई। पिछले तीन दिनों के दौरान, प्रतिभागियों ने विशेषज्ञ व्याख्यानों, प्रायोगिक प्रदर्शनों और विचारोत्तेजक चर्चाओं के माध्यम से अपने ज्ञान और कौशल को समृद्ध किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता नियंत्रण के क्षेत्र में उभरती हुई तकनीकों की महत्ता पर प्रकाश डाला।



**हिसार।** पुस्तिका का विमोचन करते कुलपति एवं अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### इन 20 प्रतिभागियों में ये रहे प्रमुख

डॉ. कनिष्ठ बत्रा, डॉ. सुमन बिश्नोई, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. एकता, डॉ. मंजीत सिंह, भावना, रिया देवी, सचिन, प्रदीप भाटिया, ऋषिता, दिव्या गुलिया, अपूर्वा, रिंकू, श्रुति, नवनीत जागलान, डिंपल, दिपांशु, अंकित एवं अमन नैण।

## हांसी मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के सम्मान में समारोह आयोजित

**हांसी।** अनाज मंडी परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विधायक विनोद भयाना ने मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन दिनेश धवन, वाइस चेयरमैन सुरजीत गुर्जर तथा सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव, राजेश ठकराल, हांसी मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, कई पार्षद व व्यापारी, किसान एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर विधायक भयाना ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यापारी और किसान समाज की रीढ़ हैं तथा सरकार उनके उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और स्थानीय व्यापारियों ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में हांसी का व्यापारी वर्ग और अधिक सशक्त व संगठित रूप में आगे बढ़ेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**प्रवचन** — मन व हृदय की परतें निर्मल होने पर परमात्मा के प्रणव स्वर सुन सकता है साधक

# अनाहत नाद को सुनने के अद्वितीय अनुभव के साथ संपन्न हुआ शिव शक्ति ध्यान शिविर

ध्यान विधियां समझाकर उनका अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

छह दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर अनाहत नाद को सुनने के अद्वितीय अनुभव के साथ संपन्न हुआ। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में चल रहे शिविर में ओशो के छोटे भाई स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया ने विज्ञान भैरव तंत्र व शिव सूत्र पर आधारित प्रवचन देकर साधकों को जीने का सही मार्ग समझाया। इस शिविर को सफल बनाने में आयोजक स्वामी संजय, स्वामी चंद्रशेखर, स्वामी चैतन्य सागर, मां सांची, मां आरती व स्वामी नरेंद्र भाटिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिव शक्ति ध्यान शिविर के अंतिम दिन विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विज्ञान भैरव तंत्र में बताई गई ध्यान विधियां समझाकर उनका अभ्यास भी करवाया गया। शिविर में प्रवचन देते हुए स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने बताया कि साधकों को अनाहत नाद अर्थात ईश्वर के स्वर को सुनने का अद्वितीय अनुभव मिला। उन्होंने कहा कि ओशो ने शिव सूत्र ग्रंथ में समझाया है कि मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक परतें होती हैं जैसे प्याज की परतें।



**हिसार।** शिव शक्ति ध्यान शिविर में हिस्सा लेते साधक। *फोटो: हरिभूमि*

### ध्यान विधियां सर्वोच्च चेतना तक पहुंचाने में सहायक

छह दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने समापन समारोह में कहा कि विज्ञान भैरव तंत्र एक प्राचीन ग्रंथ है। इसे भगवान शिव और माता पार्वती के बीच हुए संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें 112 ध्यान विधियों का वर्णन किया गया है। ये विधियां इंसान को ध्यान के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार या सर्वोच्च चेतना तक पहुंचाने में सहायक होती हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञान भैरव तंत्र की विशेषता है कि इस ग्रंथ की ध्यान विधियां सीधे अनुभव पर आधारित हैं। ये विधियां विभिन्न प्रकार की संवेदनाओं, ध्वनियों और शारीरिक अनुभवों के माध्यम से ध्यान करने का मार्ग बताती हैं।

### मिलावटी व नकली कीटनाशकों पर लगेगी रोक : डॉ. राजबीर सिंह

**हिसार।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. राजबीर सिंह ने कहा है कि जिले में गुणवत्ता नियंत्रण अभियान के अंतर्गत केंद्रीय कीटनाशक निरीक्षक एवं उप निदेशक (कीटविज्ञान) डॉ. गजेन्द्र कुमार बुंकर के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक डॉ. प्रियंका संवाल एवं विषय विशेषज्ञ (प्लांट प्रोटेक्शन) डॉ. महिपाल सिंह की टीम ने बायो-पेस्टिसाइड्स व पेस्टिसाइड्स विनिर्माण इकाइयों और सी एंड एफ यूनिट्स का निरीक्षण किया।

- गुणवत्ता नियंत्रण अभियान के तहत कीटनाशक इकाइयों का किया गया निरीक्षण